मॉड्यूल 2ः ज़िला बाल संरक्षण इकाई

सत्र 1ः ज़िला बाल संरक्षण इकाई का परिचय और इसकी रूपरेखा

अवधिः 0:50 मिनट

मॉड्यूल 2 में आप सभी का स्वागत है पिछले सत्र में हमने राज्य तथा ज़िला स्तर के विभिन्न बाल संरक्षण संरचनाओं की रूपरेखा पर संक्षेप में विचार किया है। इस सत्र में हम ज़िला स्तर की एक महत्वपूर्ण संरचना ज़िला बाल संरक्षण इकाई के संबंध में चर्चा करेंगे। इस सत्र में हम ज़िला बाल संरक्षण इकाई और उसके कार्यों पर विस्तार से बातचीत करेंगे।

इस सत्र के समापन के बाद आप बता पाएंगे किः

- ज़िला बाल संरक्षण इकाई क्या है?
- ज़िला बाल संरक्षण इकाई की संरचना क्या है?
- किशोर न्याय (देखरेख और संरक्षण) मॉडल नियमों, 2016 के अन्तर्गत ज़िला बाल संरक्षण इकाई की भूमिका और उत्तरदायित्व क्या हैं?
- समेकित बाल संरक्षण योजना के तहत इसके क्या कार्य हैं?
- बच्चों के गैर–संस्थागत देखरेख के अंतर्गत ज़िला बाल संरक्षण इकाई की प्रमुख भूमिकाएं क्या हैं?
- पॉक्सो नियमों, 2020 के तहत ज़िला बाल संरक्षण इकाई की क्या जिम्मेदारियां/भूमिकाएं हैं।